मूल्य रू. ५-००

# श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख • सलंग अंक १७८ • मई-२०२२




प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.



रामनवमी को अहमदाबाद मंदिर में श्री बालस्वरुप घनश्याम महाराज का अभिषेक करते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री ।



जेतलपुर मंदिर के १९६ वे पाटोत्सव के अवसर पर अभिषेक करते प.पू. आचार्य महाराजश्री ।



अहमदाबाद मंदिर, मारुति यज्ञ में श्रीफल चढाते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।



मर्धाना मुवाडा गाँव में नूतन मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा करते प.पू. आचार्य महाराजश्री ।

सिध्धपुर गाँव में यज्ञ में श्रीफल चढाते प.पू. आचार्य महाराजश्री ।





डांगरवा गाँव में आसीर्वाद पाठवते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।



मांडल मंदिर (दोनो मंदिर) में मंदिर के दस्तावेज के कागज प.पू. आचार्य महाराजश्री को श्री नरनारायणदेव देश ट्रस्ट में अर्पण करते हुए हरिभक्त ।



संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

---

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी
( महंत स्वामी )
मो. ९३१३७१९२३२


पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ९३१३७०६०९५
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in


मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

# श्री स्वामिनारायण

## श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र





वर्ष - १५ ● अंक : १७८ ● मई-२०२२


## अ नु क्र म णि का


०१. अस्मदीयम् ०४

०२. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री,
प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा ०५

०३. पूजा करने वाला परिधान ०६

०४. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजचश्री के मुख से आशीर्वचन ०८

०५. ओला ११

०६. श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से १३

०७. भक्ति सुधा १५

०८. सत्संग समाचार १७

# अस्मदीयम्

अपने सम्प्रदाय के आराध्यदेव भगवान श्री स्वामिनारायण ने समैया करने की प्रथा प्रारम्भ किये है। और अनेक मंदिरो के लिये अलग-अलग त्योहारो की समैया करना निश्चित किये है। जिस में हजारो व्यक्ति भाग लेते है। जो आपस में सम्पर्क में आते है। और मिलकर सत्संग करते है। इस जीव को जैसा साथ मिलता है। वैसा उसमें गुण-दोष का विकास होता है। इस लिये यदि सात्विक सज्जन मनुष्य का साथ मिलने पर अपने अंदर सद्‌गुणो का विकास होता है। जो मोक्ष के तरफ अग्रसर करता है। यदि खराब लोगो की संगत मिलती है। तो व्यक्ति पतन के मार्ग पर चला जाता है। इससे वारम्बार जन्म-मृत्यु के चक्कर में बना रहता है। इस लिये भगवान के सम्बन्धित उत्सवो में भगवान के एकान्तिक भक्त तथा संत-पुरुषो का मिलना होता है। जिससे जीवन उर्ध्वगति को प्राप्त करता है। जीव स्वयं में शुद्ध-निर्मल और चैतन्य है। जैसे गंगा जल पवित्र होता है। यदि उसे अधिक गर्म कढाई के उपर डाले तो वह बाष्प बन कर उड जाता है। यदि उसी जल को फूल के पौधे पर छिडकने पर सुगंथित होकर मोती की तरह चमकने लगता है। किसी मरणासन्न व्यक्ति के मुख में गंगा जल डाले तो वह सद्‌गति को प्राप्त होता है। यदि सर्प के मुख मे जाये तो वह बिष बनकर प्राणान्तेकर देता है। उसी प्रकार शुद्ध चैतन्य निर्मल जीवात्मा को जैसा साथ मिलता है। वैसे उसकी गती होती है। इसलिये समैया-उत्सव में आये मानव को अमरत्व प्रदान करता है। ऐसे मनुष्य का अवश्य समागम होता है। जिससे उसकी उर्ध्वगति प्राप्त होती है।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण



# प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कार्यक्रम की रुपरेखा (अप्रैल-२०२२)



१० रामनवमी श्रीहरि प्रागट्योत्सव के दिन अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर के अक्षरभवन बाल स्वरुप श्री घनश्याम महाराज के पाटोत्सव अवसर पर षोडशोपचार महाभिषेक अपने करकमलो द्वारा पूर्ण किये।

११ श्री स्वामिनारायण मंदिर मांडल पाटोत्सव के अवसर पर पधारना।

१४ श्री स्वामिनारायण मंदिर सिध्धपुर पाटोत्सव के अवसर पर पधारना।

१६ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर धर्मकुल के कुल देवता श्री हनुमानजी महाराज की जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित मारुतियज्ञ की आरती अपने करकमलो से किये।

१९ प.पू. बड़े महाराजश्री के ७८ वे प्रागट्योत्सव के अवसर पर श्री स्वामिनारायण म्युजियम में दर्शन के लिये आये थे।

२८ श्री स्वामिनारायण मंदिर ( बहनो का ) डांगरवा गाँव में पाटोत्सव के अवसर पर पधरामणी।

२९ सापकडा श्री स्वामिनारायण मंदिर ( मूलीदेश ) मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर पधरामणी।

३० श्री स्वामिनारायण मंदिर लसुंन्द्रा पाटोत्सव के अवसर पर पधरामणी।

## प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(अप्रैल-२०२२)



१० रामनवमी श्रीहरि प्रागट्योत्सव के दिन अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर में अक्षरभवन बाल स्वरुप श्री घनश्याम महाराज के पाटोत्सव के अवसर पर षोडशोपचार महाभिषेक अपने करकमलो द्वारा पूर्ण किये। नारणपुरा मंदिर में महापूजा के अवसर पर पधारमणी।

१३ से १९ अमेरिका के कोलोनिया श्री स्वामिनारायण मंदिर सत्संग सभा के अवसर पर पधरामणी। वहाँ से देवस्य का कानफेरेन्स आप की अध्यक्षता में पूर्ण हुआ।

२३ खोरजा ( डाभी ) प्रसादी की छत्री के उद्घाटन पर पधरामणी।

# पूजा करने वाला परिधान



- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास ( जेतलपुरधाम )

अपने भारतीय संस्कृति की परम्परा में मनुष्य के परिधान-वस्त्रो का विज्ञान हमारे पूर्वजोने अति सूक्ष्म दृष्टि के द्वारा संशोधन करके तैयार करके जैसे कार्य - प्रवृत्ति, देश, स्थान, काल, समय, क्रिया, सम्बन्ध, अवस्था, संस्कार, वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय, धर्म, दीक्षा, मंत्र पहचान के अनुसार उस अवसर को सफल करने, प्रोत्साहित करने के लिये, सिद्ध करने के लिये, सरल करने के लिये, प्राप्त करने के लिये । संकल्प में विघ्न करने वाले कारको को मात्र परिधान द्वारा विजय प्राप्त किया जा सकता है । इन्ही लक्ष्यो को देखकर अपने देश के परिधान बनाये गये है । समयान्तर में उसमें कभी-कभी परिवर्तन भी किया जाता है । लेकिन अपनी स्वदेशी वेशभूषा की सुंदरता-पवित्रता, मर्यादा को ध्यान में रखा जाता है । आज हम यहाँ पर पूजा और सत्कर्म के परिधान के विषय में अपने ऋषि-मुनियों के द्वारा प्रमाणित किये गये परिधान का वर्णन कर रहे है । जिस में विश्व के सभी धर्मो, सम्प्रदायो के सिद्धांत की कुछ समानता दिखाई देती है।

हम लोग जब प्रातः पूजा करते है तब धोती और खेश पहनकर करते है । क्योकि पूजा करते समय सिले वस्त्र नही पहनना चाहिए । ऐसा शास्त्रो में संकेत किया गया है । विना सिले वस्त्र पहनकर पूजा करके उसकी सफलता प्राप्त होती है । इससे एकाग्रता आती है । सत्कर्म में सिले वस्त्र से अनेक विक्षेप पैदा होता है । बिना सिले वाले वस्त्र पहनकर पूजा में सहायता तथा अच्छा वातावरण बनाता है । तथा आराध्य देव की प्रसन्नता में सहायक होता है । इसका अर्थ यह नही है सिले वस्त्र नही पहनना चाहिए । लेकिन जब देव कर्म, पितृकर्म, पूजा-अर्चन, महापूजा, होम हवन, आरती, भोजन के समय, भोजन कराते समय नित्य नैमितिक, श्राद्धकर्म, पितृकर्म, स्थानकर्म, यात्राकर्म, दान, पाठ-पठन, पुरश्चरण, कथा वाचन, कथा श्रवण, साष्टांग, उपवीत, लग्न अभिषेक, नामकरण, मुंडनकर्म, कर्णवेधन, जातकर्म आदि संस्कार नित्य नैमितिक किसी प्रकार का देव कर्म, योग ध्यान इत्यादि करते समय सीले कपडे पहनने से सफलता नही मिलती है । आज भी प्राचीन मंदिरो में पूजारी-दर्शनार्थी के लिये सिले कपडे पहन कर जाना प्रवेश निषेध होता है । विशेषकर दक्षिण भारत के मंदिरो में तथा द्वादश ज्योर्तिलिंग के मंदिर, जैन मंदिर में प्रवेश के समय कडक नियम दिखाई देता है।

आज भी हम देखते है कि छोटे-बड़े मंदिरो के पूजारी सिले वस्त्र पहनकर गर्भगृह में प्रवेश नही करते है । चाहे वह किसी धर्म परम्परा सम्प्रदाय के हो । ये वस्त्र सूती या उन से बना हो तो उसका प्रभाव अधिक होता है । अपने सम्प्रदाय के छोटे-बड़े हरि मंदिर या शिखरबद्ध मंदिर में पूजारी सीले वस्त्र नही पहनते है । अपने सम्प्रदाय के त्यागी विना सिले परिधान पहनते है । त्यागी को भगवान की भक्ति के अलावा समय को व्यर्थ न करे । ऐसी आज्ञा दी गई है । सिले वस्त्र सत्कर्म में अवरोध करते है । ( श्वेताम्बरी ) जैन साधु-साध्वी, वैरागी साधु, उदासी संत, शैव पंथी आदि साधु समाज में दिक्षा के समय प्रतिज्ञा कराई जाती है । सिले वस्त्र न पहने । भगवान श्रीराम चौदह वर्ष वन में रहे । उस

समय राजर्षि वस्त्रो का त्याग कर तपस्वी का वेश-भूषा धारण किये थे ।और् परमब्रह्म परमात्मा श्री घनश्याम महाराज अयोध्या से वन विचरण की शुरुआत किये । तब तपस्वी का परिधान धारण किये थे । बदरकिश्राम में तपस्या करते श्री नरनारायण भगवान वृक्षो को छाल से निर्मित वस्त्र धारण करके तपस्या कर रहे थे । भगवान शिव, हनुमानजी आदि सदैव तपस्वी वेश में रहते है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने संतो ने सीले वस्त्रो को न पहनने का वैज्ञानिक कारण दिये है । जब हम सत्कर्म करते है तब शरीर के प्रत्येक रोम-रोम से अद्‌भूत चेतना ऊर्जा बनती है । वह ऊर्जा और तथा आराध्य देव की चैतन्य शक्ति ऐश्वर्य शक्ति, परब्रह्म शक्ति, ब्रह्म शक्ति, का सम्बन्ध आत्मा-परमात्मा का सम्बन्ध बन जाता है। अपने सत्कर्म की ऊर्जा परमात्मा में कृष्णार्पण योग बन जाती है । यह प्रक्रिया साधक और साध्य के सम्बन्ध होने का उत्सव-महोत्सव का अवसर माना जाता है। यदि ऐसे सत्कर्म के समय हम सिले कपडे पहनते है तो आत्मा परमात्मा के अनुभव में विझोप पैदा करता है। तथा परब्रह्म के ऊर्जा के अखंड प्रवाह से शरीर के माध्यम से आत्मानुमति से मानव वंचित रह जाता है। इस प्रकार संचित की गई । ऐश्वर्य ऊर्जा शक्ति समाप्त हो जाती है । इस शक्ति को चारो तरफ बैठे राक्षस प्रवृत्ति वाले चोरी कर लेते है । अन्ततः साधक का फल दूर हो जाता है। धन, समय, शक्ति निष्फल हो जाती है। साधक को ज्ञात नही होता है।

साधक जब बताये गये सत्कर्म को करता है। तो उसके चारो तरफ एक ऊर्जा का आभा मंडल बनता है। उसे योग-समाधि वाला ही जान सकता है । शक्ति उस जगह पर युगो-युगो तक जीवित रहती है। इसी कारण से तीर्थस्तानो पर हजारो लाखो वर्ष बीत जाने के बाद भी साधक उसका अनुबव करते है । उसमें परब्रह्म शक्ति का स्पर्श का अनुभव करने में सीले वस्त्र बाधा उत्पन्न करते है।

सत्कर्म के समय तिथिवार, घडी, पल, नक्षत्र, योग, करण-स्थान के प्रभाव से वायु मंडल में स्थित ऊर्जा शक्ति का सीले वस्त्र पहनने से शरीर पर लाभ नही मिलता है। यह भी एक कारण होता है।

सतोगुणी वस्त्र सतोगुणी कर्म में किसी अंश तक प्रोत्साहित करता है । उसका प्रभाव भी होता है । सामने वाले के विचार शक्ति को बदल दैने की क्षमता परिधान में होती है।

यज्ञ-पूजा पाठ आदि में धोती-खेश आदि वस्त्र पहनने से लम्बे समय तक ासधना में बैठ सकते है। जब कि सीले तथा चुस्त कपडे में पूजा-पाठ में एकाग्रता नही आती है । तथा किये गये सत्कर्म का फल नही मिलता है।

श्रीजी महाराज जब भोजन करते समय पीताम्बर धारण करते तथा संतो की पंगत में परोसते समय भी पीताम्बर वस्त्र धारण करते थे। आज भी कई कर्मकांडी भूदेव भोजन करते समय पीताम्बर पहननते है। हमे भी भगवान की पूजा-अर्चना यज्ञ आदि में बिना सिले वस्त्र को पहनने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए।

**श्री नरनारायणदेव की ध्वजा के यजमानश्री**

प.भ. जसुबेन परबत शियाणी - मिरजापुर-कच्छ
प.भ. मुलजीभाई करशन शियाणी तथा मेघबाई - भुज-कच्छ
प.भ. हीरजी नारण वेकरीया - कुंदनपर-कच्छ
प.भ. हरीश शिवजी पादरा - मदनपुर-कच्छ
प.भ. रामजीभाई गोपालभाई दबासिया - मानकुवा-कच्छ
प.भ. कानजी नारण प्रेमजी हिराणी - मानकुवा-कच्छ
प.भ. नारण प्रेमजी हिराणी - मानकुवा-कच्छ
प.भ. दिप्त देवराज पिंडोरिया - सुखपर-कच्छ
प.भ. चेतना देवराज पिंडोरिया - सुखपर-कच्छ
प.भ. पटेल घनश्यामभाई बबाभाई नाथाभाई - उनावा



# प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के मुख से आशीर्वचन

लेखक : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापूनगर )

**जेतलपुरधाम १९६ वाँ वार्षिक पाटोत्सव के अवसर पर ता. २५-०३-२०२२ :** हम सभी भाग्यशाली है कि देव के इस प्रसादी सभा मंडप में बैठे है। गोरधनभाई ( गोरधनभाई रणछोडभाई पटेल, यजमानश्री ) आप तथा आप के परिवार के उपर भगवान ने कृपा किये है कि आप आज के प्रसंग का दिव्य लाभ ले रहे है। संतो के मुख से हम सुनते रहे है कि देव महाप्रतापी है। बेटा देते है। सब कुछ देते है। लेकिन भगवान ने वचनामृत में कुछ अलग ही कहे है। हम खुश होने पर लडके औरत सभी को रास्ते पर ला देते है। यह भगवान के ही वाक्य है न ? लेकिन वास्तविकता यह है कि भगवान ऐसा नही करते है। हम लोग भगवान के आश्रित है। आश्रित के लिये भगवान का वचन है कि आसरा रखेगे तो हंमेशा सुखी रहेगे। वह कभी भी दुखी नही होगा। आश्रित शब्द वजनदार है। लेकिन हम प्रतिदिन सुनते आ रहे है। इस लिये इसका वजन कम आँकते है। आश्रय किये कहते है ? सप्ताह तक मंथन करने पर भी इसका उत्तर ( सोल्यूसन ) नही मिलेगा। यह कठिन है ?

देव के पास अपेक्षा लेकर नही जाना चाहिए। चारपाई में से उठने पर ही। साँस लिया तब से देव का दर्शन हुआ। यह भगवान की कम कृपा है ? हमने कई बार सुना है कि आदमी के हाथ में सामान होने पर भी भूल जाता है। चाभी भूल जाता है। मोबाईल भूल जाता है। उसे वापस लेने आता है। क्योकि उसके बिना नही पायेगा। एक आदमी तो मंदिर आये थे। और अपने घर वालो को भूल गये। सत्य है ! बाद में क्या हुआ उसे जाने ! हम करते है कि हमे इतने बजे उठते है। कौन उठाता है ? अपनी क्षमता तो नही है। कोई एक श्वास के बाद दूसरी श्वास देता है। तभी हम जागते है। अपने धर्म में रहे तो लोग श्वास लेना भी भूल जाये। यह श्वास हमे देव दे रहे है। देव ही हमे जगाते है। तभी हम लोग यहाँ पर देव का दर्शन कर रहे है। इस कर्ज से मानव कभी मुक्त नही हो सकता है। इससे बड़ा कोई चमत्कार भी नही है। मस्त लोगो की बात अलग है। संसार में बहुत कुछ चलता रहता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि डाल का टूटना निश्चित होता है लेकिन उसी समय उस डाल पर कौवा बैठ जाता है। हम देखते भी है। लेकिन महाराज ने स्पष्ट बताया है। हम पुत्र और धन नही देते है। हमे कल्याण करने आता है। ऐसा ही वचनामृत में आता है न ? युवक पढते होगे तो ज्ञात होगा। शेष बडे-बुर्जुग लोग ( गर्दन ) सिर हिला दे रहे है।

बात यह है कि प्रत्येक श्वास को देने वाला इस सिंहासन पर बैठे है। उनका सानिध्य हम सभी को मिला है। महाराज जिसकी स्वयं स्थापना किये है। इस लिये मैं अपने को भाग्यशाली मानता हूँ। भगवान की दया है कि इस मूर्ति का स्पर्श करने का अवसर मुझे मिल रहा है। यह स्पर्श आप लोगो के द्वारा कर रहा हूँ। नरनारायणदेव देश का परिवार ये हमारा परिवार है। इस परिवार के लिये सदैव ऐसा विचार आता है कि बस.... सुखी रहे। जो कभी माँगते नही है। लेकिन कैसे है ? इस प्रकार जाये। तब जन के पास जाते है तो यह नही पूछते सब ठीक है ? भगवान के पास इस तरह क्यों नही जा सकते है ? सीधे रुप में कहे तो भगवान अपने बस में नही है। यदि मेरा इतना पूरा हो जाये तो आप के लिये इतना कर दूँगा। नारियल चढा देगे। संसार इसी तरह से चल रहा है। वास्तव में हम लोगो को

महाराजने जो परम्परा दी है। उसका प्रभाव पर्व अभी चालू है। इस लिये कई लोग आकर कहते है। अब आनंद नही आ रहा है। ''कौन कहता है कि समाप्त हो गया ? ब्रह्मानंद के प्रिय दररोज दिवाली है।''

यहाँ पर बुजुर्ग लोग अधिक बैठे दिखाई दे रहे है। बड़ो का दायित्व इतना ही नही है कि परिवार में संस्कार का सिंचन करे। उन्हे संस्कार वाला वातावरण देना चाहिए। मानवतापूर्ण संस्कार देना है। शिक्षापत्री के २१२ वे श्लोक में कही भी ऐसा नही लिखा है कि दिवार के सामने बैठकर ध्यान करे। लिखा है ? लिखा है तो बताये। हिंसा नही करे। वहाँ से प्रारम्भ है। मनुष्य बने यही मुख्य धर्म है। मैं विश्वास रखता हूँ कि मनुष्य बनना ही प्रारम्भ है। हिंसा कई प्रकार की होती है। किसी व्यक्ति के जीवन में मानसकि मिलावट करना भी हिंसा से अधिक होता है। हमारा मानना है कि सर्व प्रथम मनुष्य बने। इसके पश्चात सत्संगी बने।

ये मोबाइल, मिडिया अत्याधिक रसप्रद है। आप तो जानते ही होगे। गुड मोर्निंग..... गुड इवनिंग.... जय स्वामिनारायण.... जय स्वामिनारायण मुझे तो ब्लोक कर देना पडा। भगवान का चित्र भेजते है। यह हमारे पास है। भगवान अमेरिका में मैं सत्संग विचरण कर रहे थे। जैमिन नाम का २५ वर्ष का युवक उसके मोबाईल में किसी ने भगवान का फोटो भेजा था। वह सामने वाले से बोला ''हमारे पास भगवान है। यदि तुम मोबाईल में भगवान को साक्षात् मानता है तो उसे **Delet** करे दे। प्रत्यक्ष को **Delet** कैसे करे ? इस तरह कितने फोटो एकत्र हो जायेगे। कुछ लोगो को मनोवैज्ञानिक दबाव आ जाता है। कोई छूट तो नही गया ? वह पुनः अंगुली से टटोलता है। यह सामान्य प्रसंगोचित बात कहे है। व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी नही है। अपने नई पीढी को आधार मिले। इस उद्देश्य से पर्व में **V.R.S. (Vertual Reality Show)** तथा ड्रोन के माध्मय से टेक्नोलाजी का उपयोग किया गया था। और गाँव के लोग अपना कार्यक्रम देख सके। इस उद्देश्य से आज भी **GTPL** और **U-Tube** का उपयोग किये है। हमें **TRP** नही देखना है। **TRP** इस सिंहासन पर विराजमान है। ये जो दे सर्वाधिक है। बात यह थी। भगवान ने जो हम लोगो को जो सिद्धांत परम्परा दिये है। उसकी सुरक्षा में जो कमी होगी तो सब शून्य हो जायेगा। यह हमारा मनाना है। देव का दर्शन मिले। यह बडी भाग्य है। भगवान की अपने उपर कितनी करुणा है। कितनी सुविधा दिये है। सडक से जा रहे हो तो बगल से दर्शन करके अपने मार्ग पर आसक्ते है।

पुनः गंगा स्नान का दृष्टांत देकर कहे कि जिस प्रकार पाय से मुक्त होने के लिये। गंगा में स्नान के बाद गंगा को हृदय में रखकर घर आते है। उसी प्रकार देव का दर्शन करके देव को हृदय में रखकर घर पर आते है। गुणबुद्धि होनी चाहिए। नकारात्मकता स्वीकार करना सरल है। संसार में जो कलह-झगडा चल रहा है ।उसे हमे क्या लेना है। हमे तो दो समय को रोटी मिल रही है न ! इस में जो अच्छा लगे। उसे स्वीकार करे हमे ज्ञान नही किसमें क्या गुण है ? हम कोई जज नही है। यदि हम किसी वस्तु की सरलता से स्वीकार कर ले तो समस्या का हल हो जाता है। अभी पर्व था। या पाटोत्सव आता है। तो कुछ लोग हम पर कटाक्ष मारते है। धोती तथा खेश को खीचते है। इस समय व्यवस्था वाले लोग ही अव्यवस्था फैलाते है। एक आदमी तो डंडा लेकर आ गया। मैने कहा भाई दया करके डंडा हटा दे। आप कभी हमे ही डंडे से मार देगे। ऐसी व्यवस्था की हमे आवश्यकता नही है। हरिभक्तो को ज्ञात है। किस समय विवेक का प्रयोग करना अनिवार्य है। वास्तव में राज्य कक्षास्तर और केन्द्र स्वर के मंत्रियो ने ध्यान दिया है। पर्व के समय पोडियम के उपर से कहे थे। श्री नरनारायणदेव कालुपुर मंदिर के अर्न्तगत जो मंदिर है। उस हरिभक्तो में अनुशासन है। ऐसा कही नही दिखाई देता है। हमारे पैर के उपर किसी का पैर आजाने पर सहजता से स्वीकार कर लेता हूँ। महाराजजी का कहना है कि सत्संग की भीड में रहना है तो। सरल हो कर रहे। इस समय कोई कुछ कहे तो जैसी क्रिया वैसी प्रतिक्रिया आती है। जो देगे। वही मिलेगा। अच्छी भाषा देने पर अच्छी भाषा मिलेगी। एक गाली देने पर दो मिलेगी। ऐसा होता है कि नही ?

अभी महिजडा के भक्तो ने मंदिर का दस्तावेजी कागज हम को दिये। और बोले कि आप मे से कोई कालुपुर मंदिर जाने वाला हो तो मंदिर द्वारा कागज चैरीटी कमिश्नर मे जमा करा देगे। इन भक्तो से दूसरे लोगो को प्रेरणा लेना चाहिए। मुझे कोई मंदिर नही

मिलता है । हम देव के है । देव ही हमारे ट्रस्टी है । इससे भविष्य सुरक्षित है । यह महत्वपूर्ण है । सुरक्षित होने पर सिंहासन में दूसरे का फोटो कभी नही आयेगा । आप के पहले वाले बुजुर्ग लोग आठ आना, चार आना, पाँच पैसा एक मुठ्ठी भर अनाज दिये होगे तो वह बेकार नही गया होगा । इसके पीछे कोई शक्ति है । दुनिया है जो आप को सुरक्षा दे सकती है । आप कर्जदार न बने तथा देव की क्षति भी न हो इस बात पर ध्यान देना है । इसलिये मैं एकत्रीकरण में विश्वास रखता हूँ । शेष ये कागज-फाईल तो हमारे लिये काँटे का मुकुट ही है । चुनाव आने पर व्यवस्था हमे ही करना है । गंगा उल्टी बहती है । प्रबन्ध आप को करना है । बैक का खाता आप के गाँव में है । हम तो हस्ताक्षर वाला बैंक चेक दे देते है । रिर्टन फाईल हम करते है । इतनी जिज्मेदारी कौन लेगा ? ऐसा संसार कही नही है । कोई किसी कम्पनी की डिलीरशिप लेता है तो करार करता है । कुछ अंश हमे भी चाहिए । हम तो लेने की जगह पर देते है । पर्व में किसी से कुछ माँगे थे । ? स्वेच्छा से आप ने जो लिखाया । वह आप को देकर । सभीने आनंद लिया । कोई शिकायत नही आयी । आप अपने मकान, दुकान, खेत के कागज क्लीयर रखते है । तो क्या देव का नही रखना ? बस इतना ही है । देव का देव को देकर अपना ही लाभ है । पब्लिक ट्रस्ट एक्ट १९५० का प्रभाव हो । उस विषय पर हम नही जायेगे । आराम । देव के नाम की पाङ्टिका लगाने से देव का नही हो जाता है । अभी हम एक सुप्रीम कोर्ट के काउन्सिलर के पास बैठे थे । प्रंसगोचित बात पर हमने कहा मैं अपने घर के देव के सिंहासन के उपर कालुपुर नरनारायणदेव के अन्तर्गत वाला पट्टिकालगा दे । और रसीद छपा दे । तो देव के बदले में षडयत्र की धारा लग जायेगी । इस लिये कागज क्लीयर होना चाहिए । इसमें तो चोरी कही पर नही है । खिस्सा में नही डालते है । द्वादशी के दिन राजभोग आरती के बाद भक्त लोग ही दान पेटीका खोलते है । वे लोग अपने पास चाभी रखते है । चाभी मंदिर में नही रखी जाती है । यहाँ पर यही प्रणाली है । इतनी पारदर्शिता कही नही है । बाकी मुझसे एक आदमी ने कहाँ मेरा इसमें क्या है ? मुझे क्या ? इसी पर दुनिया चलती है ।

देव का बनकर रहे । मेरा या किसी के बनने की आवश्यता नही है । आप देव के रहेगे तो हम स्वतः आप के है ? आप सभी भाग्यशाली है कि संत-भक्ति सभी मिलकर इस परिसर में वर्षो से धुन और भजन कर रहे है । रमेशभाई ( रमेशभाई प्रहलादभाई पटेल पर्व के मुख्य यजमानश्री जो अभी उमियाधाम ट्रस्ट के उप प्रमुख नियुक्त हुए है । धन्यवाद, मैं तो दर्शन करके आ गया हूँ ।

द्रष्ट्वा शिवालयादीनि देवागाराणि वर्त्मनि ।
प्रणम्यं तानि तद्देवदर्शनं कार्यमादरात् ॥

शिवालय आदि देव के मंदिर आये, उनका दर्शन करे । लेकिन जो हमे मिला है । उसके लिये ५६ की छाती भी छोटी है । इतना तो गर्व होना चाहिए । अमीर तो भिखारी भी हो जाता है । लेकिन हम लोग तो रईस है । इस सिंहासन पर देव बैठे है । यही नरनारायणदेव हम सभी को रईस बनाये है । ये देव आप लोगो को सुखी करे । इसी प्रार्थना के साथ विराम करता हूँ ।

**"पर्व" महामहोत्सव के अवसर पर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. लालजी महाराजश्री और प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से 'श्री स्वामिनारायण मासिक' के लिये आजीवन सदस्यो को सौजन्य रुप में भेट देने वाले हरिभक्त**

प.भ. कांतिभाई केशरा भूडिया परिवार - फोटडी-कच्छ
प.भ. मधुभाई गोरधनभाई लाठिया परिवार - अहमदाबाद
प.भ. धनजीभाई हिरजीभाई हिराणी परिवार - भुज-कच्छ
प.भ. प्रविणभाई टी. पटेल परिवार - बडुवाला
प.भ. शकरीबेन पटेल परिवार - राजपुर-कडी
प.भ. भीखुभाई जेठूभाई मोरी परिवार - कालीयाणा
प.भ. चंदूभाई पटेल परिवार - राजपुर-कडी
प.भ. जयंतीभाई रामदास पटेल परिवार - वडवाला
प.भ. बाबरिया शांतिलालभाई ओधवजीभाई परिवार - मोरबी
प.भ. पंकितभाई पटेल परिवार - जेतलपुर
प.भ. चिकाभाई पी. खरसाणी परिवार - अहमदाबाद
प.भ. अरविंदभाई पी. ठक्कर - शीतल मोटर्स-अहमदाबाद
प.भ. डाह्याभाई चेलाभाई बूटिया परिवार - कालीयाणा
प.भ. निकुंज मणीभाई पटेल परिवार - करजीसणवाले
प.भ. देवेन्द्रभाई एन. डोडिया - बोपल



श्री स्वामिनारायण

## अहमदाबाद शहर के समीप श्री स्वामिनारायण भगवान के प्रसादी के गाँव

# ओला

संकलन : प्रफुल खरसाणी

- अहमदाबाद कालुपुर मंदिर से सडक द्वारा १ घंटा में
- अमहादाबाद हवाई अड्डा से ४५ मिनट





यहाँ पर हरिमंदिर है। यहाँ पर हिंडोले पर झूलती श्रीहरि की पट मूर्ति प्रतिष्ठित है। यहाँ पर वरगद का पेड प्रसादी का है । जहाँ पर श्रीहरिने सभा को सम्बोधित किये थे । यह बरगद गाँव के पूरब दिशा में स्थित है । गाँव के मध्य में एक छत्री है। वहाँ पर हनुमानजी के प्रतिष्ठा है। श्रीहरिजी जब ओला में आये। तभी रतनबाई श्रीहरि का स्वागत की थी। रतनबाई का घर प्रसादी का है। इनका घर मंदिर के बगल में स्थित है। गाँव के बाहर पूरव दिशा में कुवाँ तथा प्रसादी का तालाब है। उस कुवाँ पर तथा तालाब में श्रीहरि कई बार स्नान किये थे ।वर्तमान समय में उस कुआँ का पानी मृदु है।

**ओला में श्रीहरि :** एक बार श्रीहरि दंढाव्य में विचरण कर रहे थे । वे संत, ब्रह्मचारीयो, पार्षदो और हरिभक्तो के साथ झूलासण से ओला गाँव में आये थे। इस अवसर का ''श्री घनश्याम लीलामृतसागर'' ग्रन्थ के ३० तरंग ६९ में निम्नलिखित रुप में वर्णन किया गया है।

**त्यांथी गाम ओळेग्या श्याम ॥**
**भक्त राजी तया अभिराम ॥**
**नरोत्तमजी सिधरदास ॥**
**रत्नबाये सेवा करी तास ॥१२॥**
**पछे त्यां थकी श्री नरवीर ॥**
**धमासणे गाम गया धीर ॥**

(''श्री घनश्याम लीलामृत सागर'' उ.तरंग ६९ )

एक समय पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री स्वामिनारायण संतो-पार्षदो तथा हरिभक्तो सहित दंढाव्य देश में विचरण करते पानसर गाँव से ओला गाँव में गये। श्रीहरि हमारे गाँव में आ रहे है। ऐसा जानकर श्रीहरि के प्रेमी भक्त वक्ताभाई, अविचलभाई आदि भक्तगण गाँव के मार्ग को ध्वजा तथा तोरण से सजा रखे थे। उस गाँव की श्रेष्ठ भक्त रतनबाई भगवान श्रीहरि का अक्षत, चंदन, कुमकुम तथा पुष्पहार से स्वागत की थी। तथा सभी भक्त गण श्रीहरि महाप्रभु को साष्टांग दंडवत करते प्रणाम किये । इसके बाद भगवान श्रीहरि संतो, पार्षदो तथा हरिभक्तो के साथ रतनबा के घर पधारे थे।

रतनबा के घर श्रीहरि महाप्रभु की काकुभाई, काशीदास विठ्ठलभाई, जीवणभाई तथा शोभण सुथार आदि हरिभक्तोने प्रेम से सेवा किये थे।

**करजीसण से श्रीहरि का ओला में आगमन :** अक्षराधिपति पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री स्वामिनारायण किसी समय वर्षा काल में करजीसण गाँव से ओला गाँव की तरफ प्रस्थान किये । श्री गोविंदभाी अपने गाडी में श्रीहरि तथा मुकुंदवर्णी को बैठाकर गाडी स्वयं हाँक रहे थे । गाडी आधे रास्ते में पहुँची, मार्ग में रेत होने के कारण बैल चल नही पा रहे थे। श्रीहरि गाडी में से उतरकर मुकुंदवर्णी के साथ रात्रि के समय ओला गाँव में आये। रतनबा के आँगन में खडे हो गये। कुछ समय के बाद मुकुंदवर्णी उस घर के दरवाजे को

अपने पैर से खटखटाने लगे । और रतनबा को आवाज देकर बुलाने लगे । हे निष्पापपी भक्त रतनबा । आप दरवाजा खोले । उढे जल्दी से दीपक जलाये । क्योंकि पूर्ण पुरुषोत्तम श्री स्वामिनारायण महाप्रभु कीचड युक्त पैर होकर आपके आँगन में खडे है । इस प्रकार वर्णी के आवाज सुनकर रतनबा तत्काल जाग गयी । दीपक जलाकर दरवाजा खोली । घर को स्वच्छ करके महाराज तथा मुकुंदवर्णी के पैरो को धोने के लिये शुद्द जल दी । श्रीहरि पैर धोकर घर में आये । तथा सुशोभित आसन पर बिराजमान हुए । और मुकुंद ब्रह्मचारी स्नान करके श्रीहरि के लिये भोजन बनाने लगे । भोजन तैयार हो जाने के बाद श्रीहरि भोजन करके अपने आसन पर बिराजमान हुए ।

श्रीहरि के प्रिय रतनबा को श्रीहरि की कृपा से दिव्य दृष्टि से चिदाकाश का दर्शन हुआ । उस चिदाकाश में माया से दिव्य गोलोक धाम देखी । उस धाम में स्थित तेजपुंज में रत्न जडित सिंहासन के उपर विराजमान भगवान श्री स्वामिनारायण महाप्रभु का रतनबाने दर्शन किया । उस महाप्रभु के बाये तरफ सुंदर भृकुटि वाली राधिका युक्त दिव्य अलौकिक मूर्ति श्री कृष्ण का दर्शन कर रहे थे । इस प्रकार श्रीहरि के दाहिने तफ दिव्य देहधारी भक्तिमाता से युक्त धर्मदेव दिखाई दे हे थे । इस प्रकार श्रीहरि का दर्शन करके रतनबा समाधि से उठकर प्रेम से प्रार्थना करने लगी ।

हे कल्याणकारी प्रभु ! हे हरि ! अलग-अलग रहे । आप अपनी इच्छा से परस्पर तत्वो से मिलकर विराट पुरुष के विशाल शरीर को प्रगट करते है । ऐसी इच्छा वाले आप को में प्रणाम करता हूँ । हे भगवन ! आप कलियुग में प्रगट होकर अधर्म का नाश करके धर्मका प्रसार करके अनेक जीवात्मा का कल्याण कर रहे है ? लोगो का मनोरथ पूर्ण करके अपने रुप का दर्शन देते है । इस जगत के कर्ता-धर्ता महाप्रभु में आप को बार-बार प्रणाम करता हूँ । इस प्रकरा रतनबा की स्तुति सुनकर भगवान अति प्रसन्न हुए । उस समय किसी मानवका रुदन सुनकर श्रीहरि रतनबा से पूछे कि । हे रतनबा यह कौन रो रहा है ? हे हरि ! हमारे परिवार में अभी एक वृद्ध मृत्यु को प्राप्त हुआ है । उसकी पत्नी रुदन कर रही है । भगवान श्रीहरि रतनबा की बात सुनकर रतनबा से बोले । हे अल्प बुद्धिवाली रतनबा ! आप के घर सूतक है ऐसा क्यो नही बताया ? आप के सूतक वाले अन्न को ग्रहण किये है । आप के अन्न का हम दोनो लोग प्रायश्चित करेगे ।

रतनबाने श्रीहरि से बोली कि है प्रभु ! सोना के स्पर्श जल के द्वारा सूतक की क्षति हो जाती है । अर्थात् वह व्यक्ति शुद्ध हो जाता है । तो आप के नाम उच्चारण से शुद्ध मानव को सूतक का क्या प्रभाव पडेगा । तो आप को मेरा शूतक कैसे स्पर्श कर सकता है ? फिर भी हम दोनो प्रायश्चित करेगे । धर्मपुष्टि के लिये यह आप के शब्द योग्य ही है । इस प्रकार श्रीहरि हास्य विनोद के साथ उठकर रात्रि में सो गये । ब्रह्ममूहूर्त में उठकर स्नान क्रिया आदि करके पूजा पाठ करके श्रीरि तथा मुकुंदवर्णी रतनबा की गाडी में बैठकर अडालज होकर गाँवो को छोडते हुए पंचाल देश की तरफ गये ।

अक्षराधिपति पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री स्वामिनारायण ओला गाँव में जाकर अपने आश्रितो को धर्म युक्त ज्ञान देकर भक्तो की सेवा स्वीकार करते सभी का मनोरथ पूर्ण करके । सभी को मोक्ष का भागी बनाकर । ओला गाँव में श्रीहरि प्रेमी भक्तो की नामावलि स.गु. निष्कुलानंद स्वामीने ''भक्तचिंतामणी'' ग्रंथ प्रकरण ११९ में बताये है ।

**कणबी भक्त गंगादास कहीये,**
**नरोत्तम वासणकी कहीये ॥९॥**
**भक्त ठाकुरजीने काशीदास,**
**शीधरदासनो ओलामां वास ॥**
**रुडां भक्त छे बाई रतन,**
**एह रहे ओले हरिजन ॥१०॥**

इस प्रकार ओला गाँव की भूमि को श्रीहरिने अपनेचरणो से पवित्र किये । उसी प्रकार संत, ब्रह्मचारी और पार्षद के चरणरज से अत्यंत प्रभाव शाली हुई ।

**धर्मकुल के प्रति अद्भूत निष्ठा के उदाहरण**

श्री नरनारायणदेव के प्रत्येक संत-हरिभक्त में श्री नरनारायणदेव और धर्मकुल के प्रति निष्ठा हृदय में है । शीघ्र ही शीघ्र चैत्रवद-३ ता. १९-४-२०२२ दिन मंगलवार को अपने प.पू. बड़े महाराजश्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री का ७८ वाँ प्रागट्योत्सव के अवसर पर मेहसाना शहर के व्यवसायी डॉ. नरेन्द्रभाई भावसार ( उ. ५८ ) के रग रग में धर्मकुल के प्रति निष्ठा, प्रेम, लगाव भरा है । उन्होने प्रतिज्ञा करके मेहसाना से सडक मार्ग द्वारा सायकिल चलाकर प.पू. बड़े महाराजश्री का दर्शन किये । वह लगातार ७८ कि.मी. लगातार सायकिल चलाकर श्री स्वामिनारायण म्युजियम श्री नरनारायणदेव और प.पू. बड़े महाराजश्री का दर्शन किये । तथा धन्य हुए । ऐसे विरले ही हरिभक्तो को ।

श्री स्वामिनारायण म्युज़ियम

# श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री यज्ञ पूजन की सूची फरवरी-२०२२

दि. ०३-०२-२०२२ श्री नरनारायणदेव महिला मंडल कालुपुर मंदिर

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में भेट देनेवालों की नामावलि

### फरवरी-२०२२

रु. ६,६६,६६६-६६ श्री नरनारायणदेव ओच्छव मंडल वर्त प.भ. संदीपभाई भरतभाई शेठ - अहमदाबाद

रु. ५,००,०००/- प.भ. मनोजभाई जयदेवभाई ब्रह्मभट्ट तथा अ.नि. भास्करभाई जयदेवभाई ब्रह्मभट्ट - अहमदाबाद

रु. १,००,०००/- प.भ. पंकजभाई पटेल, धर्मिष्ठाबेन पटेल, अरविंदभाी पटेल - अहमदाबाद

रु. १,००,०००/- प.ब. डाह्याभाई नारणदास पटेल - माणसावाले - वर्त. थलतेज-अहमदाबाद

रु. ५०,०००/- अ.नि.प.भ. नाथजीभाई ईच्छाराम शुक्ल तथा अ.नि. प.भ. ईश्वरलालभाई लाभशंकरभाई पंड्या शिष्यो की तरफ से वर्त. प.भ. अशोकभाई एल. दवे, हार्दिक दवे, भारतीबेन दवे, प्रीतिबेन दवे, भूमिबेन दवे - अहमदाबाद।

### मार्च-२०२२

रु. १,११,१११/- प.भ. रामदास बापा परिवार वर्त. भाविक संजयभाई पटेल, फेनिल मयूरभाई पटेल, जीगरभाई विक्रमभाई पटेल, नीलकंठ लैण्डस्केप एसोसिएट - उनावा - गांधीनगर

रु. ५१,०००/- प.भ. जगदीशभाई चिमनलाल टेल - चि. पौत्र विशन के जन्म दिन पर - वर्त. बिन्देश जगदीशभाई पटेल - गांधीनगर

**शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला ५/१०/२० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।**

**सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।**

સંપ્રદાયમાં એક માત્ર વ્યવસ્થા શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમમાં મહાપૂજા / મહાભિષેક નોંધાવવા સંપર્ક કરો.
મ્યુઝિયમ મોબાઈલઃ- ૯૮૭૯૫૪૯૫૯૭, પ.ભ. પરષોત્તમભાઈ - દાસભાઈ (બાપુનગર) : ૯૯૨૫૦૪૨૬૮૬
**www.swaminarayanmuseum.org/com • email: swaminarayanmuseum@gmail.com**



# श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री महाविष्णुयाग यज्ञ की सूची

## फरवरी-२०२२

दि. १९-०२-२०२२ प.भ.श्री निलेष तथा पारुल पटेल - न्यूजर्सी ( अमेरिका )
दि. २२-०२-२०२२ प.भ.श्री अल्काबेन जगदीशभाई पटेल - राजपुरवाला - वर्त. राणीप
दि. २६-०२-२०२२ ( प्रातः ) प.भ.श्री राजुभाई सनाभाई पटेल ( अमेरिका-झूंडालवाले )
दि. २६-०२-२०२२ ( ११ बजे ) प.भ.श्री पूजा समीर कानुभा ( अमेरिका )

## मार्च-२०२२

दि. ०३-०३-२०२२ अ.नि. प.भ.श्री जशुबा जयदेवभाई ब्रह्मभट्ट तथा अ.नि. भास्करभाई जयदेवभाई ब्रह्मभट्ट परिवार - नारणपुरा
दि. ०६-०३-२०२२ ( प्रातः ) प.भ.श्री अंकुश वीरजीभाई राधवाणी, प.भ.श्री कानजीभाई भीमजीभाई राधवाणी परिवार - कच्छ-भुज
दि. ०६-०३-२०२२ ( ११ बजे ) प.भ.श्री प्रीति प्रहलादभाई राघवाणी परिवार
दि. ०६-०३-२०२२ ( ११ बजे ) प.भ.श्री नवीनभाई घनश्यामभाई पटेल - राजपुरवाले
दि. ०६-०३-२०२२ ( शायं ) प.भ.श्री अल्काबेन जगदीशभाई पटेल - अमेरिका - राजपुरवाले - राणीप
दि. ०७-०३-२०२२ अ.नि. प.भ.श्री नटवरलाल गिरधरलाल पटेल - करजीसणवाले - अमेरिका वर्त. नितेष तथा खुश्बु तथा रसिकभाई पटेल
दि. ०७-०३-२०२२ ( ११ बजे ) प.भ.श्री डॉ. गंगारामभाई त्रिभोवनभाई पटेल - मेमनगर
दि. ०८-०३-२०२२ प.भ.श्री वनिता मनजी हिराणी के जन्म दिन पर - अमेरिका
दि. १९-०३-२०२२ प.भ.श्री मेघा निलेषकुमार पटेल, सुभद्राबेन अरविंदभाई पटेल - अमेरिका -वर्त. मनिषभाई अरविंदभाई
दि. २०-०३-२०२२ ( दोपहर ) प.भ.श्री दिलीपभाई केशवलाल पटेल - अमेरिका
दि. २३-०३-२०२२ प.भ.श्री ललितभाई घनश्यामभाई सोनगरा ( नवा ईसनपुर - भक्तिनगर )
दि. २५-०३-२०२२ प.भ.श्री सत्यम हरेन्द्रकुमार दवे - पर्थ आस्ट्रेलिया - ह. दिपीकाबेन हरेन्द्रकुमार दवे

## अप्रैल-२०२२

दि. ०२-०४-२०२२ प.भ.श्री हरेशभाई ओधवजीभाई परमार, अ.नि. ओधवजीभाई अरजणभाई की याद में वर्त. शारदाबेन ओधवजी परमार - गांधीनगर
दि. ०३-०४-२०२२ प.भ.श्री अक्षत दलसुखभाई देवाणी - बोडकदेव
दि. ०३-०४-२०२२ ( ११ बजे ) प.भ.श्री पुष्पाबेन अरुणभाई पटेल - नेहरुनगर
दि. ०५-०४-२०२२ प.भ.श्री निकुलभाई डाह्याभाई चौधरी - बालवा - वर्त. अमेरिका
दि. १७-०४-२०२२ प.भ.श्री नयनकुमार बचुभाई पटेल - आनंदपुरवाले - सोलाट
दि. १९-०४-२०२२ प.पू. बड़े महाराजश्री के ७८ वे प्रागट्योत्सव दिन पर समूह महापूजा
दि. २३-०४-२०२२ प.भ.श्री ऋ,कि जयेशभाई गज्जर तथा मेघाभाई जयेशभाई गज्जर - नारणपुरा-अहमदाबाद
दि. २४-०४-२०२२ प.भ.श्री मानसी केतनभाई महेता - सीडनी-ओस्ट्रेलिया
दि. २७-०४-२०२२ प.भ.श्री वर्षाबेन चंद्रवदनभाई पटेल - राणीप - वर्त अमेरिका
दि. २८-०४-२०२२ प.भ.श्री भरतभाई प्रहलादभाई पटेल तता रविन्द्रभाई प्रहलादभाई पटेल - राणीप - राजपुरवाले

# ॥भक्तिसुधा॥

**(प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचन में से) एकादशी सत्संग सभा के अवसर पर (कालुपुर मंदिर हवेली) “दर्शन करते समय भगवान को धन्वयाद ज्ञापित करना”**

**( संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर )**

हम लोग मंदिर में दर्शन के लिये जाते है । तो किस लिये जाते है ? क्योकि हमारा मन शांत होता है । इस लिये दर्शन करते है । सही बात है । लेकिन एक बात हमेशा मान लेना चाहिए कि जब भी भगवान का दर्शन करे । तब-तब भगवान का आभार अवश्य मान लेना चाहिए । जब आप सोचने बैठेगे । तो पता चलेगा कि हमारे जीवन में कैसे कैसे संकट आये है । और किस परिस्थिति में से भगवान ने बचा लिया है । हजारो दुख तो ऐसे है । जिसे महाराज हमारे पास आने नही दिये है । इस लिये प्रतिदिन दर्शन करते समय उनका धन्यवाद मानना चाहिए । हम भगवान को देखकर दर्शनक रते है कि भगवान आज का कैसा वस्त्र धारण किये है । फूल का हार कैसा है । इन सभी श्रृंगार का दर्शन करना आवश्यक है । इससे भी अपना कल्याण हो जाता है । जब भगवान हमारे जीवन में भक्ति करने की सुगमता दे । तो जीवन में अनुकुलता आ जाती है । इसे भगवान की कृपा कहते है । और अपने अंदर से भगवत प्रेम जागृत हो जब समझ ले कि भगवान की विशेष कृपा है । इसके लिये भगवान को बारम्बार धन्यवाद देना चाहिए । तो इससे क्या होता है ? हमारे अन्दर अच्छे विचार आते है । सद्‌बुद्धि आती है । सतकार्य करने की शक्ति मिलती है । यह समझ में आता है कि हम अच्छे कार्य कैसे कर सकते है । ऐसी मानसिक समझ आती है । तथा अच्छे कार्यो के पीछे कैसा उद्देश्य होना चाहिए । उसका हमें ज्ञान होता है । आज कल अच्छा कार्य करना अति सरल हो गया है । किसी को भोजन कराना, वस्त्र देना, दवा देना, अपनी शक्ति के अनुसार लोग करते है । लेकिन इसमें से ९०% अपनी यश ( वाहवाही ) के लिये करते है । हमने इतना कार्य किया । ये सब बातो को प्रचालित करते है ।आप से अच्छा कोई व्यक्ति करे तो आप खुश नही होते है । इससे व्यक्ति के अंदर ईर्ष्या आ जाती है । दूसरे का सुख देखकर लोग सुखी नही होते है । ऐसा नही होना चाहिए । यह सब समझने की शक्ति आती है । यह सब सत शास्त्रो में वर्षो पूर्व लिखा जा चुका है । उसका हम लोग श्रवण भी करते है । तथा पढते भी है । हमे अपना दुर्गुण दूर करना चाहिए । यह भी शास्त्र में वर्णित है । तो ध्यान देना चाहिए कि इसमे कुछ परिवर्तन आया कि नही । कि हम अभी उसी जगह पर है । अभी सुविधाये बढ गई है । घर, गाडी, बंगला सब कुछ अधिक हो गया है । तो सुख भी अधिक होना चाहिए । अपने पूर्वजो के पास इतनी सुविधा नही थी । फिर भी उनके चेहरे पर संतोष और तृप्ति की लहर थी । सोचने वाली बात यह है कि लोगो के पास जो सुख था । ये अपने पास है । पहले इतने विद्यालय नही ते । इतने शिक्षक भी नही थे । अभी कितनी अच्छी सुविधा है । तो भी बच्चो को अच्छे संस्कार देने का प्रयास करना पडता है । मंदिर में भी बाल शिबिर, बालिका शिबिर रखना पडता है । तो भी कुछ लोगो को ही संस्कार दिया जा सकता है । पहले के समय में ५०% तक अशिक्षित थे । बाबा, दादा, लोग अधिक उम्र तक अशिक्षित रहे फि भी भगवान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा संस्कार में आ जाता था । इसका अर्थ यह नही है कि पढ़ना नही चाहिए । पढना तो चाहिए ही । अपने पर निर्भर रहे । दूसरे के सहारे पर न रहे । पढाई के साथ संस्कार भी बना रहना चाहिए । अधिक पढ लेने से लोग भगवान तथा शास्त्रो के उपर उगली उठाने लगते है । वाद-विवाद करते है । तभी शास्त्रो की आवश्यकता आ पडती है । अभी तो दवाखाना तथा कोर्ट की संख्या बढ गई है । इस लिये लोगो मे रोग तथा आपसी झगडे

